# तेरी चौखट पे ऐ श्याम प्यारे सर हमारा झुका ही रहेगा लिरिक्स

तेरी चौखट पे ऐ श्याम प्यारे,
सर हमारा झुका ही रहेगा,
जब तलक तुम नहीं दोगे दर्शन,
तेरे दर से नहीं सर उठेगा,
तेरी चौखट पे ऐ श्याम प्यारे।bd।
**teri chokhat pe ae shyam pyare lyrics**
तर्ज – ये तो प्रेम की बात है उधो।

---

एक मुद्दत हुई हमको प्यारे,
आस चरणों की तेरे लगाए,
कभी होगी कृपा दृष्टी प्यारे,
ये हृदय का कमल कब खिलेगा,
तेरी चौखट पे ऐ श्याम प्यारें,
सर हमारा झुका ही रहेगा।bd।

---

लेके मन में बड़ी आस मैं भी,
आज आया शरण में मैं तेरी,
मांग होगी मेरी आज पूरी,
मेरा दामन यही पर भरेगा,
तेरी चौखट पे ऐ श्याम प्यारें,
सर हमारा झुका ही रहेगा।bd।

---

मैं भिखारी हूँ और तुम हो दानी,
लाज दोनों ही नामों की रखलो,
गर मैं लौटूंगा खाली यहाँ से,
ये जमाना तुम्हे क्या कहेगा,
तेरी चौखट पे ऐ श्याम प्यारें,
सर हमारा झुका ही रहेगा।bd।

---

प्रेम का आज प्याला पिला दो,
अपनी सेवा में हमको लगा लो,
पाके तेरे चरण का सहारा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरा सेवक भवर से तरेगा,
**Bhajan Diary Lyrics,**
तेरी चौखट पे ऐ श्याम प्यारें,
सर हमारा झुका ही रहेगा।**bd**।

---

तेरी चौखट पे ऐ श्याम प्यारे,
सर हमारा झुका ही रहेगा,
जब तलक तुम नहीं दोगे दर्शन,
तेरे दर से नहीं सर उठेगा,
तेरी चौखट पे ऐ श्याम प्यारे।**bd**।

स्वर – विनोद अग्रवाल जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com